उत्तर क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की शिमला में बैठक आयोजित

चर्चा में क्यों?

3 दिसंबर, 2021 को आयोजना विभाग तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने उत्तर भारतीय राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों तथा भारत सरकार के मध्य आपसी मुद्दों के समाधान के लिये उत्तर क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की शिमला में आयोजित बैठक में राजस्थान के 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ भाग लिया।

प्रमुख बिंदु

- इस बैठक में शासन सचिव नवीन जैन ने कहा कि राज्यों के मध्य विवादों का समाधान आपसी समन्वय, बातचीत एवं सामयिक कार्यवाही द्वारा प्रभावी तरीके से किया जा सकता है।
- इस बैठक में राज्यों के मध्य जल विवाद, टिड्डी दल आक्रमण, पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण, रेलवे प्रोजेक्ट्स, साइबर क्राईम, नए परविहन मार्गों जैसे 47 मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।
- राजस्थान के विभिन्न राज्यों से लंबे समय से लंबित कई मुद्दों की प्रतिनिधित्व मंडल द्वारा प्रभावी तरीके से पैरवी कर समाधान किया गया। बैठक में राज्य से संबंधित लगभग 28 मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। परिषद की अगली बैठक भारत सरकार के गृह मंत्री के साथ की जाएगी।
- इस बैठक में 4 उत्तर भारतीय राज्यों व 4 केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिव एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रति वर्ष आयोजित होने वाली इस बैठक की मेज़बानी हिमाचल प्रदेश सरकार ने की।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/meeting-of-standing-committee-of-north-zonal-council-held-in-shimla